लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन संसदों के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन में भाग लेंगी

नई दिल्ली, 27 अगस्त 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन 29 अगस्त से 2 सितम्बर, 2015 तक होने वाली संसदों की महिला अध्यक्षों की दसवीं वार्षिक बैठक और संसदों के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क जाएंगी। लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा, माननीय लोक सभा अध्यक्ष के साथ जाएंगे।

संसदों की महिला अध्यक्षों की दसवीं बैठक के दौरान निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की जाएगीः

(एक) विषयः1 : लोकतंत्रः महिलाओं को निर्णय प्रक्रियाओं और निकायों में शामिल करने के लिए नई पहलें

(दो) विषयः2 : शांतः महिलाओं के प्रति हिंसा और विशेष रूप से युद्ध की स्थिति में हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने के लिए नई पहलें

(तीन) विषयः 3 : विकासः महिला पुरूष समानता के लिए वित्त पोषण हेतु नई पहलें।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष विषयः तीन अर्थात् "विकासः महिला पुरूष समानता के लिए वित्त पोषण हेतु नई पहलें" विषय पर एक प्रस्तुति देंगी।

संसदों के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन की तैयारी संबंधी समिति, जिसमें भारत भी सदस्य है, की चौथी बैठक भी होगी और माननीय लोक सभा अध्यक्ष इस बैठक में भाग लेंगी।

राज्य सभा के माननीय उप सभापति प्रो. पी.जे. कुरियन भी 31 अगस्त से 02 सितम्बर, 2015 तक होने वाली संसदों के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन में भाग लेंगे। राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शरीफ, राज्य सभा के माननीय उप सभापति के साथ जाएंगे।

सम्मेलन के दौरान "शांति और सतत् विकास की सेवा में लोकतंत्र, विश्व को लोगों की इच्छाओं के अनुरूप बनाना" विषय पर एक □ म चर्चा होगी। "संसदीय निगरानीः चुनौतियां और अवसर " तथा "सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को मूर्त रूप देना "विषयों पर पैनल चर्चाओं के प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किए जाएंगे। अंतिम घोषणा स्वीकार किए जाने के साथ सम्मेलन का समापन होगा।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष और राज्य सभा के माननीय उप-सभापति □ म चर्चा में भाग लेंगे और प्रस्तुति पर होने वाले विचार-विमर्श तथा सम्मेलन की अंतिम घोषणा को स्वीकार किए जाने में भी योगदान देंगे।